1

# प्रतिवेदन

**कार्य का नामः** **जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड भटवाडी में जिला योजना के अन्तर्गत नौगांव–भंकोली मोटर मार्ग (4.00 किमी.) निर्माण कार्य हेतु 1.7915 है० वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

उपरोक्त मोटर मार्ग की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जिला योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी उत्तरकाशी के पत्रांक 09 दिनांक 03.08.2009 के द्वारा 4.00 किमी. लम्बाई हेतु रू० 1.00 लाख सर्वेक्षण कार्य एवं वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठन हेतु प्राप्त है जिसकी सत्य प्रति प्रस्तुत प्रस्ताव में संलग्न है, गगोरी डोडीताल मोटर मार्ग क्रास सेक्शन नं०15/40 तक पूर्व निर्मित है गजोली मोटर मार्ग का विस्तार गजोली से नौगावं तक (3.00 किमी.) क्रास सेक्शन नं० 15/40 से 18/40 तक के वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव की विधिवत स्वीकृति भारत सरकार के पत्रांक 8बी/यू.सी.पी./06/155/2010/एफ.सी./342 दिनांक 27.06.2012 द्वारा प्राप्त है। गजोली मोटर मार्ग का विस्तार कार्य के अन्तिम बिन्दु 18/40 से नौ गांव भंकोली मोटर मार्ग से प्रारम्भ किया जाना है ताकि ग्राम भंकोली डाडसा अगोडा ग्रामों को मोटर मार्ग से जोडा जा सके।

नौगांव–भंकोली मोटर मार्ग का वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पूर्व मे 9.00 मीटर चौडाई मे गठित कर अपर प्रमुख वनसंरक्षक एवं नोडल अधिकारी देहरादून उत्तराखण्ड के पत्रांक 1430/1जी 3353(उत्तरकाशी) दिनांक 11.12.2013 के द्वारा भारत सरकार को प्रेषित किया गया था, किन्तु भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के पत्रांक 8बी/यू.सी.पी./06/51/2012/एफ.सी./28 दिनांक 11.01.2014 के द्वारा सूचित किया है कि प्रस्तावित प्रस्ताव एक वर्ष पूर्व बन्द किया जा चुका है, प्रयोक्ता अभिकरण सड़क की चौडाई 9.00 मीटर से घटाकर 7.00 मीटर करके नया प्रस्ताव प्रस्तुत करें। अतः इसी कम में सड़क की चौडाई 7.00 मीटर करके नया प्रस्ताव गठित किया गया है।

मार्ग में पड़ने वाली वनभूमि/वृक्षों का संयुक्त निरीक्षण दिनांक 26.05.2014 से 27.05. 2014 तक वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों, राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों एवं प्रस्तावक विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा किया गया है। जिसमें 0.0175 है० आरक्षित वनभूमि एवं 1.7740 है० सिविल सोयम वनभूमि पड़ती है तथा विभिन्न प्रजाति के 304 वृक्षों का पातन किया जाना आवश्यक है, जिनमे 09 वृक्ष आरक्षित वनभूमि में तथा 295 वृक्ष सिविल सोयम वनभूमि में स्थित है।

उक्त मोटर मार्ग निर्माण से ग्राम भंकोली को जोडने पर कास्तकारों की नगदी फसल बाजार तक पंहुचाने में सुविधा होगी। ग्राम भंकोली को इस मोटर मार्ग के निर्माण से क्षेत्र में पर्यटन को बढावा मिलेगा तथा भविष्य में मोटर मार्ग का विस्तार विश्व प्रसिद्ध स्थल डोडीताल तक किया जाना प्रस्तावित है। मोटर मार्ग के निर्मित होने पर ग्राम भंकोली, डाडसा, दंदालका एंव अगोडा के ग्राम वासियों को भी लाभ मिलेगा। मोटर मार्ग तथा लौह सेतु सहित वनभूमि का विवरण निम्नवत है:–

1. आरक्षित वनभूमि– 0.0175 है०
2. सिविल सोयम वनभूमि– 1.7740 है०

कुल वनभूमि– 1.7915 है०

उक्त वनभूमि प्रस्ताव हस्तान्तरण प्रस्ताव अपर प्रमुख वन संरक्षक देहरादून के द्वारा चैक लिस्ट में दिये गये दिशा निर्देशों के आधार पर गठित किया गया है। अत' मार्ग निर्माण हेतु 1.7915 है० वनभूमि लो.नि.वि. भटवाडी के पक्ष में वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,
भटवाडी